न्यायालय राजस्व मण्डल,म0प्र0 ग्वालियर

समक्ष

एम0के0सिंह

सदस्य

निगरानी प्रकरण कमांक 1232–दो/ 2015 – विरूद्ध आदेश दिनांक 22–5–2015 – पारित व्दारा – अनुविभागीय अधिकारी, चन्देरी जिला अशोकनगर – प्रकरण 02/2014–15 अपील

मलखान सिंह पुत्र मेहरवान सिंह यादव
निवासी ग्राम डोंगर तत्का.तहसील चंन्देरी
वर्तमान तहसील पिपरई जिला अशोकनगर ---आवेदक

विरूद्ध

1–बृजभान सिंह पुत्र आधार सिंह यादव
निवासी ग्राम डोंगर तत्का.तहसील चंन्देरी
वर्तमान तहसील पिपरई जिला अशोकनगर --असल अनावेदक
2–कल्याण सिंह पुत्र राजधर सिंह यादव
3–सरूप सिंह पुत्र राजधर सिंह यादव
4–जसरथसिंह पुत्र राजधर सिंह यादव
5–भगवतसिंह पुत्र राजधर सिंह यादव
6–श्रीमती सुपतवाई पत्नि राजधर सिंह
7–लाखन सिंह पुत्र मलखान सिंह यादव
8–रबिन्द्र सिंह पुत्र मलखान सिंह यादव
9–विरमालसिंह पुत्र मलखान सिंह यादव
10–राधेश्याम पुत्र मलखान सिंह यादव
11--चन्दनसिंह पुत्र पहलवान सिंह यादव
12–नन्ने सिंह पुत्र पहलवान सिंह यादव
13–रामवली पुत्र कमलसिंह यादव
सभी निवासीगण ग्राम डोंगर तत्का.तहसील
चंदेरी वर्तमान तहसील पिपरई जिला अशोकनगर ----तरतीर्वी अनावेदक

(आवेदकगण के अभिभाषक श्री जी0पी0नायक)
(अनावेदक सूचना उपरांत अनुपस्थित–एकपक्षीय)

आ दे श

(दिनांक 18– जनवरी, 2016 को पारित)

यह निगरानी अनुविभागीय अधिकारी, चन्देरी द्वारा प्रकरण कमांक 02/2014–15 अपील में पारित अंतरिम आदेश दिनांक 22–5–2015 के विरूद्ध म0प्र0भू राजस्व संहिता, 1959 की धारा 50 के अंतर्गत प्रस्तुत की गई है।

2/ प्रकरण का सारॉश यह है कि ग्राम डोंगर स्थित भूमि कुल किता 5 कुल रकबा 7.421 हैक्टर भूमियों का पुराना सर्वे नंबर 119 रकबा 7.421 हैक्टर था जिसके हिस्सा 1/2 के भूमि-स्वामी राजधर सिंह , मेहरवान सिंह तथा घूमन सिंह एंव महिला चंदनवाई हिस्सा 1/3 की भूमिस्वामिनी एंव हिस्सा 1/2 के भूमिस्वामी गजनसिंह, सुल्तान सिंह, बृजभान सिंह तथा महिला गोगावाई रहे हैं। शेष भूमि के भूमिस्वामी धीरजसिंह, प्राणसिंह, केशरीसिंह थे।

राजधर सिंह, मेहरवानसिंह, घूमनसिह की मृत्यु हो चुकी है जिसमें घूमनसिंह के बेओलाद मरने पर उनके हिंस्से की भूमि अनावेदक 7, अनावेदक कमांक 8, अनावेदक कमांक 9, अनावेदक कमांक 10 के नाम हुई। मेहरवान के हिस्से की 5 वीघा भूमि उसके पुत्र आवेदक मलखान सिंह के नाम से हलका पटवारी ने अपलेखन करके अनावेदक कमांक 1 बृजभान सिंह , अनावेदक कमांक 2 कल्याण सिंह अनावेदक कमांक 3 सरुप सिंह अनावेदक कमांक 4 जसरथसिंह अनावेदक कमांक 5 भगवतसिंह अनावेदक कमांक 6- श्रीमती संपतवाई अनावेदक कमांक 11 चन्दनसिंह अनावेदक कमांक 12 नन्ने सिंह अनावेदक कमांक 13-रामवली के नाम लिख दी। इस अपलेखन की त्रृटि सुधार हेतु मलखान सिंह ने तहसीलदार चन्देरी को आवेदन प्रस्तुत करने पर प्रकरण कमांक 19 अ-6-अ/2011-12 पंजीबद्ध किया गया एंव जांच उपरांत आदेश दिनांक 07-03-2013 पारित करके ग्राम डोंगर स्थित भूमि सर्वे कमांक 119/2 रकबा 2.472 हैक्टर में से रकबा 0.418 हैक्टर अनावेदक कमांक-1 के भाग में से, सर्वे कमांक 119/1/3 रकबा 1.236 हैक्टर में से 0.209 हैक्टर अनावेदक क. 2 लगायत 6 के भाग में से , सर्वे कमांक 119/1/1 रकबा 0.787 हैक्टर में से 0.209 है.